दिन– सोमवार दिनांक– 13 / 04 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से। अवधिः– 05 मिनट

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि लोकतंत्र में महिला आरक्षण, अति–आवश्यक है। नई दिल्ली में आज नारी शक्ति वंदन सम्मेलन को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने कहा कि महिलाओं की भागीदारी, लोकतंत्र को मजबूत करती है। उन्होंने कहा कि महिलाओं का देश के विकास में अतुलनीय योगदान है। श्री मोदी ने कहा कि भारत 21वीं सदी में महिला सशक्तिकरण को समर्पित एक बड़ा निर्णय लेने जा रहा है। उन्होंने कहा कि संसद नया इतिहास रचने जा रही है, जिसमें भूत और भविष्य की महत्वकांक्षाओं को पूरा किया जाएगा। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि राज्य विधासभाओं से लेकर संसद तक दशकों से हुए विलंब का सोलह, सत्रह और अठारह अप्रैल को अंत होगा। महिला और बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम, महिला सशक्तिकरण, आत्मसम्मान और लोकतांत्रिक भागीदारी को सुनिश्चित करता है। उन्होंने कहा कि आज देश की बेटियां राष्ट्र के विकास पथ की ध्वजवाहक बन रही हैं। उन्होंने कहा कि वर्ष दो हजार सैंतालीस तक विकसित भारत की अवधारणा, महिला के सशक्तिकरण के माध्यम से ही पूरी होगी।

––

उच्चतम न्यायालय लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं के लिए तैंतीस प्रतिशत आरक्षण को लागू करने के विरोध में दायर याचिका की आज सुनवाई करेगा। न्यायमूर्ति बी.वी. नागरत्ना और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ मामले की सुनवाई करेगी। यह याचिका कांग्रेस पार्टी की नेता जया ठाकुर ने दायर की है।

––

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में राज्य कैबिनेट की बैठक कल होगी। कैबिनेट विभाग के अपर सचिव अखिलेश कुमार सिंह ने इस संबंध में पत्र जारी कर बताया है कि बैठक पटना स्थित मुख्य सचिवालय में सुबह ग्यारह बजे से आयोजित होगी। इधर, राज्य में नई सरकार के गठन के लिए प्रयास तेज कर दिये गये हैं।

भाजपा विधायक दल की महत्वपूर्ण बैठक कल बुलाई गयी है। बैठक में दल के नेता का चुनाव किया जाएगा। पार्टी ने वरिष्ठ नेता और केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान को विधायक दल के नेता के चुनाव के लिए केंद्रीय पर्यवेक्षक नियुक्त किया है। श्री सिंह ने कहा कि वे दिये गए दायित्व का जिम्मेदारी से निर्वहन करेंगे। वहीं, जदयू के वरिष्ठ नेता और संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी ने कहा कि भाजपा की अनुशंसा पर एनडीए विधायक दल का नया नेता चुना जाएगा। श्री चौधरी ने स्पष्ट किया कि एनडीए विधायक दल का नेता ही मुख्यमंत्री होगा।

मधेपुरा जिले के शंकरपुर प्रखंड के मौजमा निवासी रूपेश कुमार आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से सीधे संवाद में शामिल होंगे। यह संवाद विकसित भारत के संकल्प को मजबूती देने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। भूपेंद्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय से एमएड की पढ़ाई कर रहे रूपेश का चयन **'माई भारत बजट क्वेस्ट'** दो हजार छब्बीस के फाइनल राउंड के लिए हुआ है। इस क्वेस्ट में देशभर से बारह लाख से अधिक युवाओं ने हिस्सा लिया था।

पश्चिम चंपारण जिले के रामनगर मे डाकघर पासपोर्ट सेवा केन्द्र का शुभारंभ हुआ। वाल्मीकिनगर सांसद सुनील कुमार और आईएफएस सचिव, प्रिया रंगनाथन ने संयुक्त रूप से पासपोर्ट सेवा केंद्र का उद्घाटन किया। आज पहले दिन कुल पैंतीस पासपोर्ट आवेदन प्राप्त हुए। यह पोस्ट ऑफिस पासपोर्ट सेवा केन्द्र, भारत मे चार सौ चौवनवां और बिहार का अड़तीसवां है। इस केन्द्र मे प्रतिदिन पैंतालीस पासपोर्ट स्लॉट उपलब्ध रहेंगे।

अररिया जिले के महलगांव थाना क्षेत्र क्षेत्र से पुलिस ने कुख्यात अपराधी मोहम्मद डेविड उर्फ मोहम्मद गुलाब उर्फ लालू को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधी पर जिले के विभिन्न थानों में आधा दर्जन से अधिक केस दर्ज हैं।

———————————————————————————————————

नवादा जिले के गोविंदपुर प्रखंड अंतर्गत कमलापुर रोड पर एक स्कूल वाहन के पलट जाने से एक बच्ची की मौत हो गई, जबकि बीस से अधिक बच्चे घायल हो गए।

———————————————————————————————————

समाप्त